web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार 16 फरवरी 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 140

## महत्वपूर्ण एवं खास

### कोयंबटूर ब्लास्ट केस में एनआईए का 3 राज्यों में बड़ा एक्शन, 60 अलग-अलग जगहों पर छापेमारी

**चेन्नई (आरएनएस)।** तमिलनाडु के कोयंबटूर में कार सिलेंडर ब्लास्ट केस में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक में छापेमारी की है। एजेंसी ने 60 से अधिक ठिकानों पर एकसाथ छापेमारी की है। बताया गया है कि एजेंसी ने यह छापा आतंकी संगठन आईएसआईएस से संबंध रखने वाले संदिग्धों को पकड़ने के सिलसिले में डाला है। कोयंबटूर में दिवाली के दिन पूर्व एक मंदिर के बाहर हुए कार बम धमाके को लेकर एनआईए लगातार जांच कर रही है। कार बम धमाके में कथित 'मानव बम' जमीशा मुबिन (29) की मौत हो चुकी है। कार में एलपीजी सिलेंडर फटा था। घटनास्थल से कीलें व कंचे व छर्रे मिले थे। इन्हें लेकर दावा किया गया कि ये सिलेंडर में भरने के बाद धमाके की बड़ी साजिश रची गई थी, लेकिन वह विफल रही। ये धमाका 23 अक्तूबर को अल सुबह हुआ था। यह धमाका मारुति 800 कार में हुआ था। एलपीजी सिलेंडर के बाद मुबिन संदिग्ध परिस्थितियों में जलकर मर गया था। पुलिस के अनुसार मुबिन एक इंजीनियरिंग ग्रेजुएट था। उससे 2019 में एनआईए के अधिकारियों ने आतंकी संपर्कों को लेकर पूछताछ की थी। उसका नाम इस धमाके के मुख्य आरोपियों में नामजद किया गया है।

### हैदराबाद के पास गोदावरी एक्सप्रेस के पटरी से उतरने से यात्री बाल-बाल बचे

**हैदराबाद (आरएनएस)।** विशाखापत्तनम-सिकंदराबाद गोदावरी एक्सप्रेस के छह डिब्बे बुधवार को हैदराबाद के पास बीबीनगर और घटकेसर के बीच पटरी से उतर गए, जिससे एक बड़ा रेल हादसा टल गया। रेलवे अधिकारियों ने कहा कि कोई हताहत या घायल नहीं हुआ है। ट्रेन संख्या 12727 के एस1 से एस4, जीएस और एसएलआर डिब्बे मेडचल मल्काजगिरी जिले के घाटकेसर रेलवे स्टेशन की सीमा के तहत एनएफसी नगर के पास पटरी से उतर गए। पटरी से उतरने से यात्रियों में अफरातफरी मच गई। हालांकि घटना में कोई जनहानि नहीं होने से सभी ने राहत की सांस ली। ट्रेन धीमी गति से चल रही थी, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। उसी ट्रेन से पटरी से उतरे डिब्बों को अलग कर यात्रियों को निकाला जा रहा है। दक्षिण मध्य रेलवे ने एक हेल्पलाइन खोली है। नंबर 040 27786666 है। मंगलवार को 17.20 बजे विशाखापत्तनम से रवाना हुई ट्रेन को 05.10 बजे सिकंदराबाद पहुंचना था। ट्रेन के पटरी से उतरने से काजीपेट और सिकंदराबाद के बीच ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हुई है। रेल प्रशासन पटरी को दुरुस्त करने में लगा हुआ है।

### यूपी के पूर्व मंत्री को मिली सात दिन की पैरोल

**लखनऊ (आरएनएस)।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने समाजवादी पार्टी के नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री गायत्री प्रजापति को सात दिन की पैरोल दी है। बलात्कार के आरोपी प्रजापति को 5 मार्च को होने वाली अपनी बेटी की शादी में शामिल होने के लिए राहत दी गई है। इससे पहले गायत्री ने 56 दिनों की अल्पकालिक जमानत के लिए आवेदन किया था, लेकिन राज्य सरकार ने इसका विरोध किया। उस पर महिला से दुष्कर्म करने और साथियों के साथ मिलकर उसकी नाबालिग बेटी से दुष्कर्म का प्रयास करने का आरोप है। पूर्व मंत्री को इस मामले में 15 मार्च 2017 को गिरफ्तार किया गया था। तब से वह जेल में हैं।

## देश में दो लाख प्राथमिक कृषि, डेयरी व मत्स्य समितियां बनाने की योजना को मिली मंत्रिमंडल की मंजूरी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश में सहकारिता आंदोलन को मजबूत करने तथा इसे गांव और पंचायत के स्तर तक ले जाने के लिए एक व्यापक योजना और कार्यक्रमों को मंजूरी दी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक के निर्णय के तहत देश भर में पांच वर्षों में दो लाख प्राथमिक कृषि सहकारी समितियां (पैक्स)/डेयरी/मत्स्य सहकारी समितियों की स्थापना की जाएगी। परियोजना के कार्यान्वयन के लिए कार्य योजना नाबार्ड, राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) और राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड (एनएफडीबी) द्वारा तैयार की जाएगी।

मंत्रिमंडल की बैठक के बाद जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इसके तहत प्रत्येक छूटी हुई पंचायत में परिचालन योग्य प्राथमिक कृषि साख समितियों (पैक्स), दुग्ध डेयरी सहकारी समितियाँ और प्रत्येक तटीय पंचायत/गाँव के साथ-साथ बड़े जल निकायों वाले पंचायत/गाँव में व्यावहारिक मत्स्य सहकारी समितियाँ गठित करने के साथ इस समय गावों में मजबूत ऐसी समितियों को और मजबूत करने की योजना है।



बयान में कहा गया है कि सरकार ने अगले पांच वर्षों में दो लाख बहुउद्देशीय पैक्स/डेयरी/मत्स्य सहकारी समितियों की स्थापना का प्रारंभिक लक्ष्य है।

मंत्रिमंडल के निर्णयों के अनुसार इस योजना को नाबार्ड, राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) और राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड (एनएफडीबी) के सहयोग से मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के समन्वय एवं मेल के माध्यम से 'संपूर्ण-सरकार' के दृष्टिकोण के साथ लागू किया जाएगा।

सरकार का कहना है कि जमीनी स्तर की ऐसी पैक्स /डेयरी/मत्स्य सहकारी समितियों को उनकी व्यावसायिक गतिविधियों में विविधता लाने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे की स्थापना और आधुनिकीकरण करने में सक्षम बनाएगा।

सरकार का कहना है कि इससे इन समितियों के किसान सदस्यों को उनकी उपज का विपणन करने, उनकी आय बढ़ाने, ऋण सुविधाएं प्राप्त करने और ग्रामीण स्तर पर अन्य सेवाएं पहुंचाने में मदद मिलेगी तथा नीचे ऊपर तक बाजार की कड़ियां मजबूत होंगी।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारणम ने इस बार के बजट में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए सहकारियों के विकास और प्रसार को प्रोत्साहित करने की महत्वाकांक्षी घोषणाएं की हैं। यह निर्णय उसकी दिशा में उठाया गया कदम है।

मोदी ने सहकारिता आंदोलन को मजबूत करने के लिए पहली बार अगल से सहकारिता मंत्रालय का गठन किया है। बयान में कहा गया है कि गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में ऐसी प्रत्येक पंचायत में कारोबार की दृष्टि से व्यवहार्य पैक्स स्थापित करने के लिए एक योजना तैयार की है, जहां अब तक पैक्स नहीं है।

बयान में कहा गया है कि इस निर्णय को क्रियान्वित करने के लिए पशुपालन और डेयरी विभाग के तहत चल रहे डेयरी विकास के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपीडीडी) और डेयरी प्रसंस्करण और अवसंरचना विकास निधि (डीआईडीएफ) का इसके साथ समन्वय किया जाएगा।

इसी तरह मत्स्य विभाग के प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) और मात्स्यिकी और एक्वाकल्चर अवसंरचना विकास (एफआईडीएफ) को भी इसमें जोड़ा जाएगा।

योजना को लागू करने के लिए कृषि और किसान कल्याण मंत्री के साथ गृह और सहकारिता मंत्री की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय अंतर-मंत्रालयी समिति (आईएमसी) गठित की गयी है जिसमें मत्स्य, पशुपालन और डेयरी मंत्री, संबंधित सचिव, नाबार्ड तथा एनडीडीबी के अध्यक्ष तथा एनएफडीबी के मुख्य कार्यकारी कोई इसमें रखा गया है।

कार्ययोजना के केंद्रित और प्रभावी निष्पादन को सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर पर समितियों का भी गठन किया गया है।

पैक्स की व्यवहार्यता बढ़ाने और पंचायत स्तर पर उन्हें जीवंत आर्थिक संस्था बनाने के लिए उनको 25 से अधिक व्यावसायिक गतिविधियों को करने में सक्षम बनाने का लक्ष्य है। इनमें डेयरी, मत्स्य पालन, गोदामों की स्थापना, खाद्यान्न, उर्वरक, बीज, एलपीजी/सीएनजी/पेट्रोल/डीजल वितरण, अल्पावधि की खरीद, दीर्घकालिक ऋण, कस्टम हायरिंग सेंटर, कॉमन सर्विस सेंटर, उचित मूल्य की दुकानें, सामुदायिक सिंचाई, व्यवसाय प्रतिनिधि गतिविधियाँ, कॉमन सर्विस सेंटर आदि शामिल है। इसके लिए मॉडल उपनियमों को पूरे देश में पांच जनवरी से प्रभावी कर दिया गया है।

## अब पालघर में 'श्रद्धा' जैसा मर्डर, प्रेमी ने लिव-इन पार्टनर की हत्या कर शव को पलंग में छिपाया

**पालघर (आरएनएस)।** दिल्ली में हुए श्रद्धा वाल्कर हत्याकांड जैसा मामला मुंबई में भी सामने आया है। यहां पालघर के तुलिंज इलाके में लिव-इन में रह रहे एक युवक ने अपनी गर्लफ्रेंड की हत्या कर उसकी लाश पलंग के अंदर छिपा दी। आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक युवक और उसकी प्रेमिका के बीच काफी झगड़े होते थे। ऐसे ही एक आपसी विवाद के बाद गुस्से में आरोपी ने लडक़ी की हत्या कर दी और उसकी लाश अपने कमरे के बेड बॉक्स में छिपा दी। आरोपी को रेलवे सुरक्षा बल के कर्मियों ने मध्य प्रदेश के नागदा में एक ट्रेन से पकड़ा।

तुलिंज थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शैलेंद्र नागरकर ने इस हत्याकांड के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए बताया, 'हमारे पुलिस स्टेशन में एक मर्डर का मामला दर्ज हुआ है। मेघा (37), जो पेशे से एक नर्स थी, सोमवार को तुलिंज इलाके में अपने किराए के घर में मृत पाई गई, जब अंदर से दुर्गंध आने लगी और पड़ोसियों ने पुलिस को सूचित किया। उसका शव पलंग के अंदर गद्दे में लिपटा मिला। पिछले सप्ताह किसी समय उसकी हत्या किए जाने का संदेह है। आरोपी को पकड़ लिया गया है। उसने पूछताछ में बताया कि वह और लडक़ी तुलिंज में लिव-इन में रहते थे। दोनों के बीच आए दिन झगड़े होते थे। एक ऐसे ही आपसी विवाद के बाद आरोपी ने गुस्से में आकर अपनी प्रेमिका मेघा की हत्या कर दी और शव को पलंग के अंदर डाल दिया। वह घर का सामान जल्दी-जल्दी बेच रहा था। मामले में आगे की जांच शुरू कर दी है।' आरोपी के मुताबिक वह बेरोजगार था और इस बात को लेकर उसका अपनी लिव-इन पार्टनर से अक्सर झगड़ा होता था। युवक ने अपनी बहन को हत्या के बारे में मैसेज भी किया था और घर छोडक़र भागने से पहले सारे फर्नीचर बेच दिए। आरोपी के खिलाफ तुलिंज पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत हत्या का मामला दर्ज किया है।

## फोरलेन पर ट्रक और बस की भिड़ंत : 2 की मौत, 16 घायल, स्टेयरिंग में फंस गया चालक,गांव वालों और पुलिस ने घायलों को निकाला

**रतलाम (आरएनएस)।** रतलाम के निकट सरवड़ जमुनिया गांव में यात्रियों से भरी बस फोरलेन पर खड़े ट्रक में जा घुसी। हादसे में चालक और सहायक चालक की मौत हो गई है। तकरीबन सोलह यात्री घायल हो गए। घायलों में दो की हालात नाजुक बताई जा रही है। सभी घायलों का इलाज रतलाम अस्पताल में चल रहा है।

घटना आज सुबह पांच बजे के लगभग की बताई जा रही है। पूना महाराष्ट्र से भीलवाड़ा राजस्थान की ओर जा रही बस फोरलेन पर खड़े एक ट्रक में पीछे से जा घुसी। भिंडत इतनी जबर्दस्त थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिगस्त हो गया वहीं ट्रक का पिछले हिस्सा को भी नुकसान होकर उसमें भरी गेहूं की बोरियां नीचे जा गिरी। इस हादसे में दो की मौत हो गई, जबकि सोलह यात्री घायल हुए है। मृतक के नाम रईस पठान और मोहम्मद साबिर बताए जा रहे है।



सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी लोकेन्द्र डावर मौके पर पहुंचे। सब इंसपेक्टर डाबर के अलावा आरक्षक राकेश वर्मा, आरक्षक विनोद वर्मा ने गांव वालों की मदद से घायल यात्रियों को बस से उतारकर इलाज के लिए भिजवाया। बताते हैं कि बस चालक स्टेयरिंग में इस कदर फंस गया था कि पुलिस और लोगों ने काफी मशक्कत कर उसे बाहर निकाला। वहीं बस का अन्य सहायक चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया था। दोनों को गंभीर हालात में एम्बुलेंस से इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया।

मिली जानकारी के मुताबिक इस हादसे में हताहत में हीना पति बाबूलाल (19) निकुंब, कल्पना पति किशनसिंह (22) घोड़ों का खेड़ा, महिपालसिंह बलवंतसिंह (20), प्रतापसिंह रतनसिंह (32) रावतपुरा उदयपुर, भूरा गुलाब मीणा (70) बड़ी सादड़ी राजस्थान, प्रणवलाल भंवरलाल (55) निसी नाहरपुरा उदयपुर, हंसराज जेठराम (24) भीलवाड़ा, शम्भु किशन गुर्जर (24) उदयपुर, रामचन्द्र मोहन (35) निवासी निकुंभ राजस्थान, सुरेश कारूलाल (55) निवासी निकुंभ राजस्थान, हितेश उदयेलाल (42) निवासी नीमच, दीपक श्यामलाल गुर्जर (22) निवासी नीमच, जगदीश गोपाल जाट (32) भीलवाड़ा राजस्थान, गोपाल ओझा (30) सोनई भीलवाड़ा, रामलाल शंकरलाल जाट (28) सांवरियाजी राजस्थान तथा राजाराम मोहनलाल मेघवाल (28) निवासी पाली राजस्थान है, सभी घायलों को इलाज चल रहा है।

## सीएम विजयन को बड़ा झटका, ईडी ने पूर्व मुख्य सचिव शिवशंकर को किया गिरफ्तार

**कोच्चि (आरएनएस)।** केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन को झटका देते हुए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उनके पूर्व प्रिंसिपल सेक्रेटरी एम. शिवशंकर को केरल बाढ़ राहत में कथित अनियमितताओं से संबंधित धन शोधन निवारण मामले में गिरफ्तार कर लिया है। शिवशंकर को मंगलवार रात को गिरफ्तार किया गया और ईडी अब अदालत में पेश किए जाने पर उनकी हिरासत की मांग कर सकती है। वह 31 जनवरी को सेवानिवृत हो गए थे।

सोमवार से शुरू हुई दो दिन की पूछताछ के बाद एम. शिवशंकर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी विजयन के पसंदीदा प्रोजेक्ट 'लाइफ मिशन' में चल रही जांच से संबंधित है, जिसमें कथित रूप से कॉन्ट्रैक्ट प्राप्त करने के लिए कमीशन के रूप में चार करोड़ रुपये से अधिक की बड़ी राशि का भुगतान किया गया, जिसे बिल्डर संतोष एपेन ने बाद में सीबीआई के सामने स्वीकार कर लिया।

इस मामले में केरल सरकार के प्रमुख प्रोजेक्ट में विदेशी योगदान नियमों का कथित उल्लंघन भी शामिल है। प्रोजेक्ट का उद्देश्य 2018 की विनाशकारी बाढ़ में अपना घर खो चुके गरीबों को घर उपलब्ध कराना था। त्रिशूर जिले के वाडक्कनचेरी में प्रोजेक्ट तब विवादों में घिर गया, जब कांग्रेस के तत्कालीन विधायक अनिल अक्कारा ने बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए सीबीआई से संपर्क किया।

अक्कारा ने शिवशंकर की गिरफ्तारी पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि गिरफ्तारियां यहीं नहीं रुकनी चाहिए। यह मामला जून 2020 में सोने की तस्करी का मामला सामने आने के बाद आया, जिसमें शिवशंकर जेल में बंद थे। ईडी ने हाल ही में सोने की तस्करी के मामले में मुख्य आरोपी स्वप्ना सुरेश से पूछताछ की, साथ ही दो अन्य आरोपियों से भी पूछताछ की गई, जिसके बाद शिवशंकर को तलब किया गया।

स्वप्ना सुरेश और सरिथ दोनों, जो संयुक्त अरब अमीरात के वाणिज्य दूतावास में कार्यरत थे, बाद में लाइफ मिशन फंड की हेराफेरी में भी भूमिका निभाते पाए गए। शिवशंकर के लिए परेशानी तब शुरू हुई जब जांच में एक लॉकर का पता चला, एक करोड़ रुपये थे। यह लॉकर स्वप्ना और शिवशंकर के करीबी एक चार्टर्ड अकाउंटेंट का था।

स्वप्ना ने शुरू में कहा था कि उसे कमीशन मिला है, लेकिन बाद में उसने अपने बयान बदल लिए और कहा कि यह पैसा शिवशंकर का है। शिवशंकर से पूछताछ में इस बयान पर कोई ईडी को कुछ खास नहीं मिला लेकिन ईडी ने सबूतों के आधार पर उनकी गिरफ्तारी की।

इससे पहले, राज्य सरकार ने जांच रोकने के लिए केरल हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन याचिकाओं को खारिज कर दिया गया और कहा कि वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों और ठेकेदारों से जुड़े मामले में चल रही सीबीआई जांच जारी रहनी चाहिए। सीबीआई ने जांच में पाया कि केरल सरकार की एक संस्था की ओर से निर्माण कर रही निजी कंपनी यूनिटेक को टेंडर के माध्यम से कॉन्ट्रैक्ट नहीं मिला था।

प्रोजेक्ट में 97 अपार्टमेंट और एक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण शामिल था, और यह आरोप लगाया गया कि सोने की तस्करी के दोनों आरोपियों ने यूनिटैक के साथ बातचीत की और प्रोजेक्ट की लागत का 30 प्रतिशत को कमीशन लिया — 20 फीसदी यूएई अधिकारी को और 10 प्रतिशत स्वपना सुरेश और दूसरे लोगों को।

सीबीआई ने दावा किया कि शिवशंकर ने स्वप्ना सुरेश के साथ यूनिटैक के मालिक संतोष एपेन से उनके कक्ष में मुलाकात की और पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। इस बैठक में कथित तौर पर लाइफ मिशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी यू.वी. जोस भी मौजूद थे।

## अयोध्या में राम प्रतिमा के लिए और लाई जाएंगी शिलाएं

**अयोध्या (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में निर्माणाधीन मंदिर के लिए भगवान राम की मूर्ति को तराशने के लिए और चट्टानों को लाए जाने की संभावना है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के सचिव चंपत राय ने कहा, हम चट्टानों का तकनीकी अध्ययन करेंगे ताकि यह जांचा जा सके कि परिवहन के दौरान इन्हें कोई नुकसान, मलिनकिरण या डेंट नहीं हुआ है। यदि ऐसा है, तो ये चट्टानें किसी काम की नहीं होंगी। हम जल्द ही इस उद्देश्य के लिए इसी तरह की तीन और चट्टानें ला रहे हैं।

राम मंदिर ट्रस्ट ने कहा कि वे इस उद्देश्य के लिए अलग-अलग जगहों से इसी तरह की तीन और शिलाएं लाएंगे।

राय ने कहा, अयोध्या में शालिग्राम शिलाओं को भेजना नेपाल के संतों का निर्णय था। इन शिलाओं को राम जन्मभूमि के परिसर के अंदर नहीं ले जाया गया है और विश्व हिंदू परिषद के एक स्थल राम सेवक पुरम में रखा गया है।

इससे पहले, ट्रस्ट के सदस्यों ने कहा था कि वीएचपी के पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल, इसके राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र सिंह पंकज के नेतृत्व में, 25 जनवरी को नेपाल के मस्तंग जिले से रवाना हुए शिलाओं के साथ आया था और 2 फरवरी की देर रात अयोध्या पहुंचा था, जिसने छह दिनों में 350 किलोमीटर से अधिक की यात्रा की।

## सौर ऊर्जा से चलने वाला जासूसी ड्रोन लॉन्च

**चेन्नई (आरएनएस)।** कंपनी ने कहा कि ड्रोन स्टार्टअप गरुड़ एयरोस्पेस ने बुधवार को अपने सौर-संचालित मानव रहित जासूसी-देखभाल जे-ग्लाइडर के साथ रक्षा क्षेत्र में प्रवेश किया।

गरुड़ के अनुसार, सौर-संचालित ग्लाइडर-ब्रांडेड सूरज को रक्षा मंत्री के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार और रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीए) के पूर्व अध्यक्ष सतीश रेड्डी द्वारा बेंगलुरु में आयोजित होने वाले एयरो इंडिया 2023 शो में लॉन्च किया गया था। सूरज निगरानी कार्यों के लिए एक उच्च ऊंचाई वाला ड्रोन है, जो आलाकमान को वास्तविक समय की जानकारी प्रदान करता है और जमीन पर जवानों की सुरक्षा करता है।

कंपनी ने कहा कि ड्रोन के अद्वितीय जे-आकार के पंख सौर-संचालित कोशिकाओं से लैस हैं जो इसके प्राथमिक ईंधन स्रोत के रूप में काम करते हैं, जबकि एक सहायक बैटरी अतिरिक्त प्रणोदन या कम गति प्रदान करती है।



यह अत्याधुनिक तकनीक वास्तविक समय में फोटो और वीडियो को कैप्चर, प्रोसेस और ट्रांसमिट करेगी, यह सुनिश्चित करते हुए कि रणनीतिक संचालन और शर्तों की योजना बनाने से पहले मुख्यालय और आधार के पास महत्वपूर्ण जानकारी तक पहुंच है। इसकी सहनशक्ति 12 घंटे है और यह 3,000 फीट की ऊंचाई पर उड़ सकता है। संस्थापक और सीईओ अग्निश्वर जयप्रकाश ने कहा, गरुड़ एयरोस्पेस का सूरज ड्रोन, वास्तविक समय की निगरानी जैसे अत्याधुनिक समाधानों के साथ सैन्य और सुरक्षा सहायता प्रदान करने में मदद करेगा। गरुड़ एयरोस्पेस भी सूरज ड्रोन के विकास पर एनएएल, डीआरडीओ और कई अन्य वैज्ञानिकों द्वारा निर्देशित किया जा रहा है।

## कर्नाटक : लोकप्रिय पर्यटन स्थल पर 93.40 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा रोपवे

**बेंगलुरु (आरएनएस)।** कर्नाटक सरकार के पर्यटन विभाग ने 93.40 करोड़ रुपये की लागत से नंदी हिल्स में यात्री रोपवे के विकास के लिए डायनामिक्स रोपवे प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक रियायत समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। लगभग 2.93 किमी के संरेखण वाली बहुप्रतीक्षित परियोजना को सार्वजनिक निजी भागीदारी मॉडल पर विकसित किया जाएगा।

डायनेमिक्स रोपवे प्राइवेट लिमिटेड 30 साल की रियायत अवधि के साथ डिजाइन, निर्माण, वित्त, संचालन और हस्तांतरण मोड में परियोजना का विकास करेगा।



इस अवसर पर पर्यटन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव कपिल मोहन ने कहा : नंदी हिल्स कुछ ऐतिहासिक स्थलों और विरासत स्मारकों का घर है, और अपने ट्रेकिंग ट्रेल्स, साइकिलिंग मार्गो और पैरा-ग्लाइडिंग जैसे साहसिक खेलों के लिए भी प्रसिद्ध है।

रोपवे जैसी तेज और पर्यावरण के अनुकूल परिवहन सुविधा नंदी हिल्स तक पहुंचने के लिए समय की बचत करेगी और आसपास के क्षेत्र के सुंदर हवाई दृश्य पेश करने के अलावा क्षेत्र में प्रदूषण को कम करेगी। रोपवे के विकास से न केवल कनेक्टिविटी में सुधार होगा, बल्कि नंदी हिल्स के पर्यटक भी अधिक आकर्षित होंगे।

एक अधिकारी ने कहा, ऊपरी और निचले लैंडिंग स्टेशनों पर राजस्व और गैर-राजस्व उत्पन्न करने वाली सुविधाओं की योजना बनाई गई है। ये सुविधाएं होटल में ठहरने वाले पर्यटकों और स्थान के आसपास ठहरने की सुविधाओं को भी पूरा करेंगी।

तलहटी में दो और चार पहिया वाहनों के लिए पार्कि ग की सुविधा, किराये के वाहन और एटीएम की योजना बनाई गई है।

पेयजल स्टेशन, वॉशरूम, टिकटिंग, काउंटर, वेटिंग रूम, बैठने की व्यवस्था के साथ रेस्तरां, चाय/कॉफी स्टॉल, स्मारिका की दुकानें जैसी सुविधाएं भी इस मेगा प्रोजेक्ट का हिस्सा होंगी। इस मौके पर पर्यटन विभाग के निदेशक वी. राम प्रसाद मनोहर ने कहा, नंदी हिल्स में यात्री रोपवे बेंगलुरु में एक प्रतिष्ठित प्रयास है, जो इस क्षेत्र को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर लाने के लिए निश्चित है। उन्होंने कहा, यह परियोजना स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और आय का एक स्रोत लाएगी, साथ ही सरकार के लिए कुछ राजस्व भी लाएगी। इसके अलावा, यह पहाडिय़ों में प्रदूषण को कम करने में भी मदद करेगी और स्थायी पर्यटन को बढ़ावा देने के हमारे मिशन में हमारी सहायता करेगी।